भारत सरकार | लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं.5504
वाणिज्य विभाग

<u>दिनांक 05 अप्रैल, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

स्किम्ड मिल्क उत्पादों का निर्यात

5504. श्री कुलदीप राय शर्मा :
डॉ. मनोज राजोरिया :
श्री सुमेधानन्द सरस्वती :
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे :
श्रीमती रंजीता कोली :
डॉ. सुभाष रामराव भामरे :
डॉ.डी.एन.वी.सेंथिलकुमार एस :
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :

क्या **वाणिज्य और** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में शीर्ष स्थान पर है और यदि हां, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या संयुक्त राज्य अमरीका ने भारत से दूध और कृषि मदों के आयात के लिए अपना बाजार खोल दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश से कितनी मात्रा में स्किम्ड मिल्क पाउडर का निर्यात किया गया है;

(घ)क्या सरकार स्किम्ड मिल्क पाउडर के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) ऐसी सहायता के परिणामस्वरूप स्किम्ड मिल्क पाउडर के निर्यात में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सरकार द्वारा दूध संबंधी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) : खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की सांख्यिकीय पॉकेट बुक 2022 के अनुसार, भारत 2020 में 183.95 मिलियन टन दूध उत्पादन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जो दुनिया में कुल दूध उत्पादन यानी 886.86 मिलियन टन का 20.74% है।

(ख) : जी हाँ। 2021-22 में यूएसए को दूध और दूध उत्पादों सहित कृषि उत्पादों का निर्यात 5.85 बिलियन अमरीकी डॉलर का था।

(ग): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश से निर्यात किए गए स्किम्ड मिल्क पाउडर की मात्रा निम्नानुसार है : -

(मात्रा एमटी में और मूल्य मिलियन यूएसडी में)

20-2019		21-2020		22-2021		) *23-2022जनवरी , 2023तक(	
मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
935.41	2.83	13,457.10	35.80	46,293.10	132.66	16,349.12	62.30

स्रोत: डीजीसीआईएस

(घ) और (ङ): सरकार, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से, दूध और दूध उत्पादों सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से अपने पंजीकृत निर्यातकों को निम्नलिखित घटकों के अंतर्गत वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है:-

(i) निर्यात अवसंरचना का विकास,

(ii) गुणवत्ता विकास, और

(iii) बाजार विकास।

एपीडा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी करने, आभासी व्यापार मेलों, क्रेता-विक्रेता बैठकों, रिवर्स क्रेता विक्रेता बैठकों आदि का आयोजन करने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ सहयोग कर रहा है।

स्किम्ड मिल्क पाउडर का निर्यात 2020-21 में 35.80 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2021-22 में 132.66 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है, जो 270% की वृद्धि है।

****